# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

28 अप्रैल 2024, रविवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के कासगंज, मैनपुरी और इटावा में जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**यह चुनाव राम भक्तों पर गोली चलाने वालों और राम मंदिर का निर्माण करने वालों में है**

****************

**पश्चिम से चली भाजपा की हवा मैनपुरी से लेकर आजमगढ़ तक सपा-कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर देगी**

****************

**जातिवाद में भी अखिलेश को केवल अपना परिवार ही दिखता है**

****************

**पहले दो चरणों में भाजपा ने सीटों की सेंचुरी लगा दी है, शहजादों का खाता भी नहीं खुला**

****************

**कल्याण सिंह जी के पिछड़े वर्ग के कल्याण और राम मंदिर निर्माण के लक्ष्य को मोदी जी ने पूरा किया**

****************

**सपा जिनकी गोद में बैठी है, वह कांग्रेस पिछड़ा विरोधी पार्टी है**

****************

**SC, ST और OBC का आरक्षण भाजपा न कभी हटाएगी और न कभी हटाने देगी, यह मोदी जी की गारंटी है**

****************

**सपा नेता वोटबैंक के डर से राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में नहीं गए**

****************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज उत्तर प्रदेश के कासगंज, मैनपुरी और इटावा में जनसभा को संबोधित करते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा शासन में विगत एक दशक में हुए जन-कल्याणकारी और विकास कार्यों का उल्लेख किया। श्री अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी की पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता पर टिप्पणी करते हुए विपक्ष की जमकर आलोचना की, साथ ही समाजवादी पार्टी की जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति पर निशाना साधा। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र चौधरी, सांसद एवं एटा लोकसभा प्रत्याशी श्री राजवीर सिंह, मैनपुरी लोकसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री जयवीर सिंह, इटावा से सांसद एवं लोकसभा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि एटा-कासगंज को सम्मानीय कल्याण सिंह बाबू जी ने अपनी कर्मभूमि बनाया था। **भाजपा उत्तर प्रदेश के एक-एक कार्यकर्ता पर बाबू जी का ऋण है जो आने वाले 50 सालों में भी नहीं उतारा जा सकेगा।** बाबू जी के नेतृत्व में ही पहली बार उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनी थी। श्री कल्याण सिंह जी ने पिछड़ों के कल्याण और राम जन्मभूमि के उद्धार के लिए अपना जीवन समर्पित किया था और आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बाबू जी के लक्ष्यों को पूर्ण करने का कार्य किया है। **इस चुनाव में दो खेमे हैं, एक राम भक्तों पर गोली चलाने वाला है और एक राम मंदिर बनाने वाला है।**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी और आखिलेश यादव की पार्टियों ने 70 सालों तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाकर रखा लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के 5 वर्षों के भीतर फैसला भी आया, भूमि पूजन भी हो गया और आज भव्य राम मंदिर भी बनकर तैयार हो गया है। अखिलेश यादव और राहुल गांधी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया, लेकिन वोट बैंक की राजनीति करने वाले ये लोग नहीं गए। **प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाने वाले ये जानते हैं कि उन्होंने ही राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थीं**। एटा की जनता को तय करना है कि कार सेवकों पर गोली चलाने वाली समाजवादी पार्टी को वोट करेंगे या राम मंदिर बनाने के लिए अपनी सरकारें कुर्बान करने वाली भाजपा और श्री नरेन्द्र मोदी को वोट देना है। **पूरे भारत में बाबू जी ही थे जिन्होंने पिछड़े वर्ग और गरीबों के कल्याण का बीड़ा उठाया था और आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछड़े वर्ग और गरीबों को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है**।

श्री शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि **एक ओर 12 लाख करोड़ के भ्रष्टाचार में लिप्त इंडी गठबंधन है और दूसरी ओर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जिनपर 23 वर्षों से सत्ता में होने के बाद भी 4 आने का भी आरोप नहीं है।** एक ओर गर्मी चढ़ते ही थाइलैण्ड में छुट्टी मनाने वाले राहुल गांधी है और दूसरी ओर वर्षों से दीपावली भी सरहद पर जवानों के बीच बिताने वाले प्रधानमंत्री श्री मोदी जी हैं। एक ओर गरीबी हटाओ के झूठे वादे करके चार पीढ़ियों से शासन करने वाली कांग्रेस और समाजवादी पार्टी है, वही दूसरी ओर केवल 10 वर्षों में करोड़ों गरीबों को गैस, बिजली, आवास, और इलाज देने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **आज समाजवादी पार्टी जिनकी गोद में बैठी है वो कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विरोधी पार्टी है**, वर्षों तक कांग्रेस ने काका साहब कालेलकर की रिपोर्ट को दबाकर रखा और मंडल कमीशन की रिपोर्ट का भी विरोध किया। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक मान्यता देकर पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया। केंद्र की सभी संस्थाओं में आरक्षण देने का काम माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है।** भारतीय जनता पार्टी ने माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन में 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह प्रतिव्यक्ति 5 किलो अनाज नि:शुल्क प्रदान किया है। मोदी सरकार द्वारा 12 करोड़ से ज्यादा घरों में शौचालय बनाने का काम, 4 करोड़ लोगों को घर देने का काम, 10 करोड़ से अधिक माताओं-बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया है, 14 करोड़ गरीबों के घर में नल से जल दिया है और 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का नि:शुल्क इलाज मिल रहा है।माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने संकल्प पत्र में आगामी 5 वर्षों में 3 करोड़ और घर बनाने का लक्ष्य रखा है।

श्री शाह ने समाजवादी पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि **अखिलेश यादव जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति कर रहे हैं। कन्नौज से अखिलेश यादव स्वयं, मैनपुरी से उनकी धर्मपत्नी डिम्पल यादव, फिरोजाबाद से उनके भतीजे अक्षय यादव, बदायूं से आदित्य यादव, आजमगढ़ में धर्मेन्द्र यादव चुनाव लड़ रहे हैं।** अखिलेश यादव का बस चले तो उत्तरप्रदेश की 85 सीटों पर अपने परिवार वालों को लड़ा दें। **माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश में जातिवाद और परिवारवाद को समाप्त कर गरीबों के कल्याण का यज्ञ आरंभ किया है और गरीबों के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया है। कांग्रेस पार्टी यह झूठ फैलाने का काम कर रही है कि भाजपा सरकार आरक्षण को समाप्त कर देगी लेकिन देश में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण कोई खत्म नहीं कर सकता, 'यह मोदी की गारंटी है।'**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने बताया कि **कर्नाटक और हैदराबाद में कांग्रेस की सरकार ने पिछड़ा वर्ग का आरक्षण काम करके 5% आरक्षण मुस्लिमों को दिया। राहुल गांधी ने झूठ की फैक्ट्री खोल रखी है, अगर किसी ने पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय किया है तो वह कांग्रेस पार्टी है।** जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का शासन था, तब पश्चिमी उत्तर प्रदेश से पलायन होता था और राज्य में गुंडे लोगों को त्रस्त करते थे। 2017 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद प्रदेश के गुंडे पलायन कर रहे हैं। **मोदी सरकार ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे, बलिया एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे बनाकर उत्तर प्रदेश में परिवहन की सुविधा को सुगम बनाया है।** पहले मात्र 7000 किमी नेशनल हाईवे थे, भाजपा सरकार ने एक दशक में 7000 किमी से 12000 किमी तक विस्तार करने का कार्य किया है। कुल 9 हवाईअड्डे बन चुके हैं और 12 निर्माणाधीन हैं, **एशिया का सबसे**

**बड़ा हवाईअड्डा जेवर में बन रहा है।** 25 से अधिक घरेलू वायुमार्ग बनाए हैं, 12 शहरों में मेट्रो पहुंची है, डिफेन्स कॉरिडोर, 30 नहर योजनाएं, 2 एम्स और 68 मेडिकल कॉलेज बन चुके है और 22 निर्माणाधीन हैं।

श्री शाह ने कहा कि **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास के नए मार्ग प्रशस्त हुए हैं। जिस उत्तर प्रदेश में बहले बम धमाके होते थे, गोलियां चलती थीं, आज वहां बम बनाने के कारखाने चल रहे हैं।** एटा के विकास के लिए 10 वर्षों में सांसद श्री राजू भइया ने कोई कसर नहीं छोड़ी। अलीगढ़ से कानपुर 305 किलोमीटर का 4-लेन राजमार्ग, एटा-कासगंज 4-लेन सड़क, अलीपुर बरवारा से सहसवान तक गंगा पुल निर्माण, 410 करोड़ की रेलवे लाइन का निर्माण हुआ और 25 हजार कुंतल मिलेट सिर्फ कासगंज से विदेशों में निर्यात हुआ है। एटा में मेडिकल कॉलेज बनाया गया, कासगंज में भी मेडिकल कॉलेज प्रस्तावित हुआ है, 20 हजार ग्रामीण आवास, उज्ज्वला योजना के 1.63 लाख लाभार्थी, जवाहर तापीय परियोजना, 1320 मेगवाट का बिजली कारखाना, 2.57 लाख गरीबों के घर में नल से जल और 2 लाख 70 हजार शौचालयों का निर्माण कराया गया है। कासगंज की जनता राजू भइया को जिताकर दिल्ली भेज दे, उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी करेगी। इटावा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 550 किलोमीटेर की सड़क बनी, अमृत भारत योजना के तहत 33 करोड़ की राशि से इटावा रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण हुआ, इटावा में पासपोर्ट का कार्यालय खुल गया, 18 हजार घर बनाए गए, 1.60 लाख माताओं-बहनों को गैस कनेक्शन मिला, 2 लाख 40 हजार घरों में पानी पहुंचा और 2 लाख 80 हजार घरों में शौचालय बनवाने का कार्य डॉ. रमाशंकर कठेरिया ने किया है। इटावा के 2 लाख 22 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि मिली है, इटावा लायन बाईपास सफारी बना, चम्बल के पास ढकरा में पुल बनाया गया, 26 हजार माताओं को पेंशन मिली है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने वोटबैंक की राजनीति के चलते कई वर्षों तक धारा 370 को बनाए रखा, लेकिन **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को सदा के लिए भारत का अभिन्न अंग बनाया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहते थे कि धारा 370 को हटाया तो देश में खून की नदियां बह जाएगी, खून की नदियां तो छोड़िए किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिककार्जुन खड़गे कहते हैं कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लोगोंन का कश्मीर से क्या लेना-देना है। खड़गे साहब को पता नहीं है कि यूपी का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार में आए दिन देश में आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस कोई कार्रवाई नहीं कर पाती थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक कर 10 दिन के अंदर उरी और पुलवामा का जवाब दिया और आतंकवाद का सफाया किया। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध किया है।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से 5वें स्थान पर लाने का कार्य किया है। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरे देश को कोरोनाकाल में 2 टीके लगवाए और देश को कोरोना से सुरक्षित किया, लेकिन अखिलेश यादव ने महामारी के समय भी राजनीति की और टीके पर सवाल उठाए। सपा का गुंडों को बूथ लूटने की आदत लगी हुई है लेकिन अगर अब कोई छेड़खानी करेगा तो चुनाव आयोग उसे उलटा लटकाकर सीधा कर देगा।** भाजपा सरकार ने ग्रेटर नोएडा में आईआईटी, बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रान्स गंगा सिटी और गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क बनाकर उद्योग को बढ़ावा देने का काम किया है।

श्री शाह ने इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए प्रश्न किया कि अगर विपक्षी गठबंधन को बहुमत मिल गया तो प्रधानमंत्री कौन बनेगा? देश को कौन चलएगा, अर्थतन्त्र को आगे कौन बढ़ाएगा? ममता जी, शरद पवार, अखिलेश यादव, या राहुल बाबा? यदि ये सभी एक-एक साल भी देश चालएं तो भी देश नहीं संभाल पाएंगे। केवल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही देश को चला सकते हैं और सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **2 चरणों के चुनाव में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 100 से अधिक सीटों पर विजय प्राप्त कर ली है और घमंडिया गठबंधन का सफाया हो गया है। राहुल और अखिलेश दोनों शहजादों का अबतक खाता भी नहीं खुला है और तीसरे चरण में भी नहीं खुलेगा।** श्री शाह ने जनता से एटा लोकसभा प्रत्याशी श्री राजवीर सिंह, मैनपुरी लोकसभा प्रत्याशी श्री जयवीर सिंह और इटावा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया को विजयी बनाकर तीसरी बार आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

**************************